**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**
**बिहार सरकार**

**विज्ञापन संख्या- BCECEB(BSFC)-2022/04 दिनांक- 12.12.2022**

# बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि० के अधीन ''सहायक प्रबन्धक, सहायक लेखा पदाधिकारी, लेखापाल, गुणवत्ता नियंत्रक एवं निम्नवर्गीय लिपिक'' के पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा के आधार पर पैनल निर्माण से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या-BCECEB(BSFC)-2022/01 एवं 2022/02 दिनांक- 11.12.2022 के क्रम में सर्व साधारण एवं सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि. के अधीन नियुक्ति हेतु ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (CBT) के आधार पर पैनल का निर्माण हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित किया गया है। उपरोक्त विज्ञापन में टंकणभूल के कारण ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा के स्थान पर लिखित परीक्षा अंकित हो गया है। अत: 'लिखित परीक्षा' के स्थान पर 'ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा' पढ़ा एवं समझा जाय।

**संशोधित विज्ञापन निम्नवत् है;**

बिहार सरकार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के ज्ञापांक-प्र3विविध-नि0-25/2010-1098 दिनांक 23.02.2011 एवं बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0 द्वारा पत्रांक-4958, 4959, 4960, 4961 एवं 4962 दिनांक 09.05.2019 द्वारा संसूचित अधियाचना एवं समय-समय पर यथा संशोधित पत्र के अनुसार बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0 के अधीन नियुक्ति हेतु ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (CBT) के आधार पर पैनल का निर्माण हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। यह पैनल एक वर्ष के लिए ही मान्य होगा।

**2. पदनाम / पद कोड, पदों की संख्या, पदवार वेतनमान एवं पदवार शैक्षणिक योग्यता :-**

| पद कोड | सम्वर्ग का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान | पद हेतु शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक प्रबन्धक | 262 | लेवल-07 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्थानों से मास्टर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.)/ पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेन्ट (पी.जी.डी.बी.एम) की शैक्षणिक योग्यता प्राप्त हो। ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेन्ट (पी.जी.डी.बी.एम.) से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेन्ट (पी.जी.डी.एम.) में नामकरण परिवर्त्तन वाले वर्ष 2007 के बाद पोस्ट गेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेन्ट (पी.जी.डी.एम.) की शैक्षणिक योग्यता प्राप्त। स्पष्टीकरण - शैक्षणिक योग्यता में निर्धारित डिग्री के अलावे किसी भी समकक्ष या डिग्री के परिवर्तित नाम के आधार पर मान्यता नहीं होगी । |
| 02 | सहायक लेखा पदाधिकारी | 20 | लेवल-07 | (क) चार्टेड एकाउन्टेंसी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम. की डिग्री । (ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम. की डिग्री के साथ केन्द्र सरकार/ बिहार सरकार में या केन्द्र सरकार/ बिहार सरकार के उद्यम / निगम में सहायक लेखा पदाधिकारी अथवा समकक्ष पद का 05 वर्ष का अनुभव। |
| 03 | लेखापाल | 10 | लेवल-04 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम. के साथ सी.ए. इन्टर डिग्री उत्तीर्ण । |
| 04 | गुणवत्ता नियंत्रक | 101 | लेवल-04 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/**AICTE** के द्वारा स्वीकृत संस्थान से बी.एस.सी. (एग्रीकल्चर) या फुड सांइस/ फुड सांइस एण्ड टेक्नोलॉजी/ एग्रीकल्चर इंजिनियरिंग/ बायोटेक्नोलॉजी में बी.टेक. या बी.ई.। |
| 05 | निम्न वर्गीय लिपिक | 133 | लेवल-02 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण ज्ञान के साथ दक्षता प्राप्त। |

(**नोट :** उपर अंकित पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव है ।)

## रोस्टर के अनुसार उपलब्ध रिक्तियों की आरक्षण कोटिवार वितरण

| कोटि | सहायक प्रबंधक पोस्ट कोड-01 | सहायक लेखा पदाधिकारी पोस्ट कोड-02 | लेखापाल पोस्ट कोड-03 | गुणवत्ता नियंत्रक पोस्ट कोड-04 | निम्नवर्गीय लिपिक पोस्ट कोड-05 |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 22 | 02 | 02 | 16 | 14 |
| अनुसूचित जाति महिला | 13 | 01 | -- | -- | 08 |
| अनुसूचित जनजाति | -- | 01 | -- | 01 | 01 |
| अनुसूचित जनजाति महिला | 01 | -- | -- | -- | -- |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 20 | 03 | 02 | 18 | 19 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला | 12 | 01 | -- | -- | 09 |
| पिछड़ा वर्ग | 18 | 01 | 02 | 12 | 10 |
| पिछड़ा वर्ग महिला | 09 | 01 | -- | -- | 04 |
| पिछड़े वर्ग की महिला | 09 | 01 | -- | 03 | 04 |
| अनारक्षित | 96 | 04 | 03 | 41 | 32 |
| अनारक्षित महिला | 36 | 03 | -- | -- | 19 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 26 | 02 | 01 | 10 | 13 |
| **कुल पद** | **262** | **20** | **10** | **101** | **133** |
| दिव्यांग - दृष्टि दिव्यांग | 03 | 01 | -- | 01 | 01 |
| दिव्यांग - मूक बधिर दिव्यांग | 02 | -- | -- | 01 | 02 |
| दिव्यांग - चलन दिव्यांग | 03 | -- | -- | 01 | 02 |
| दिव्यांग - मनोविकार दिव्यांग | 03 | -- | -- | 01 | 01 |

दिव्यांगता से ग्रस्त उम्मीदवारों को क्षैतिज आरक्षण देय होगा, जो कुल रिक्तियों में सम्मिलित है।

सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र सं0-2526 दिनांक 18.02.2016 के आलोक में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों (पोता/ पोती/ नाती/ नतनी) को **2%** क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य है।

**3. राष्ट्रीयता :**

आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए ।

**4. आयु-सीमा :**

i. न्यूनत्तम आयु दिनांक 01.01.2022 को 21 वर्ष। अधिकतम आयु वही होगी जो समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी ।

ii. आयु की अधिकतम सीमा दिनांक 01.01.2022 के प्रभाव से माना जायेगा ।

उपरोक्त कंडिका-2 में वर्णित पदों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत संकल्प, ज्ञापांक-3 / एम0-1-35/2001-2530 दिनांक 29.06.2010 के अनुसार अधिकतम आयु की अर्हता आरक्षण कोटिवार निम्नवत् है :

(क) अनारक्षित वर्ग (पुरूष) - 37 वर्ष
(ख) पिछड़ावर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) - 40 वर्ष
(ग) अनारक्षित वर्ग (महिला) - 40 वर्ष
(घ) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) - 42 वर्ष
(ङ) दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में 10 वर्षों की छूट रहेगी।

नोट: i. विज्ञापित पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घट या बढ़ सकती है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को बिना किसी पूर्व सूचना या इसका कारण बताए, पूरी नियुक्ति प्रक्रिया / विज्ञापन या किसी चरण को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**5.** आयु-सीमा, आरक्षण, परीक्षा की प्रक्रिया, परीक्षा का विषय Syllabus, Online आवेदन भरने हेतु आवश्यक प्रक्रिया एवं अन्य सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के **Website : bceceboard.bihar.gov.in** पर उपलब्ध बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0 के अधीन ''सहायक प्रबन्धक, सहायक लेखा पदाधिकारी, लेखापाल, गुणवत्ता नियंत्रक एवं निम्नवर्गीय लिपिक'' के पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा के आधार पर पैनल निर्माण से सम्बन्धित विवरण-पुस्तिका से प्राप्त की जा सकती है।

**6. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित निर्देश :**

ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पर्षद के Website:bceceboard.bihar.gov.in पर जाकर "**Online Portal of Food & Civil Supplies Corporation Ltd.** " Link पर Click कर "**Apply Online**" Link पर Click करें। इसके उपरांत आवेदन पत्र भरने हेतु जो निर्देश (Instruction) दिखेगा, उसे अभ्यर्थी अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लें।

**(i) Step-One (Registration):**

अभ्यर्थी सर्वप्रथम आवेदन पत्र भरने हेतु "**Click here for Registration**" Link पर Click कर कम्प्यूटर स्क्रीन पर मांगे गये सभी सूचनाओं को सही-सही प्रविष्ट कर अपने Registration की प्रक्रिया को पूरी करें। अभ्यर्थी Registration करने के समय यह ध्यान रखें कि वे अपना ही email_ID एवं mobile No. का इस्तेमाल कर रहे हों, क्योंकि Registration एवं अन्य संबंधित सूचनाएँ उसी email_ID एवं mobile no. पर भेजी जाएगी। सफलतापूर्वक Registration के बाद Provisional Registration Number तथा Password एवं अन्य संबंधित सूचनाएँ उसी email_ID एवं mobile no. पर भेजी जाएगी। ऑनलाईन आवेदन में अंकित email_ID, Mobile Number एवं प्राप्त Provisional Registration Number तथा Password को सुरक्षित रखना आवेदक की जिम्मेवारी होगी अन्यथा पर्षद किसी भी तरह की परेशानी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अभ्यर्थी यह ध्यान रखें कि Registration उपरांत बाकी के steps को भरने हेतु जब वह Login करेंगे तो सर्वप्रथम उन्हें प्रथम Login के उपरांत अपना Password को बदलना (Change करना) अनिवार्य होगा।

**(ii) Step-Two (Basic Details):**

सफलतापूर्वक Registration हो जाने के उपरांत अभ्यर्थी अपना Registration Number एवं Password डालकर Submit बटन पर Click कर अपने Account में Login करें तथा कम्प्यूटर स्क्रीन पर Basic Details से सम्बन्धित Required Entries को पूरी तरह भरें एवं Save & Next बटन पर Click करें।

**(iii) Step-Three (Educational Qualification Details):**

Basic Details भरने के बाद अभ्यर्थी कम्प्यूटर स्क्रीन पर शैक्षणिक योग्यता से संबंधित Required Entries को पूरी तरह भरे एवं Save & Next बटन पर Click करें।

**(iv) Step-Four (Experience Details):**

Education Qualification Details भरने के बाद अभ्यर्थी कम्प्यूटर स्क्रीन पर Experience से सम्बन्धित Required Entries (यदि लागु हो) को पूरी तरह भरे एवं Save & Next बटन पर Click करें।

**(v) Step-Five (Upload Photo & Signature):**

सम्बन्धित सूचनाओं को भरने के बाद अभ्यर्थी अपना उच्च Contrast का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर कर कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिये गये निर्देश के अनुसार Scan कर निर्धारित स्थान पर Upload करें तथा Save & Next बटन पर click करें।

**(vi) Step-Six (Preview your Application):**

अभ्यर्थी अपना Photo, Signature को Upload करने के बाद अपने द्वारा दी गई सूचनाओं को अच्छी तरह जाँच लें। यदि जाँच के क्रम में Step-Two, Step-Three, Step-Four एवं Step-Five में दी गयी सूचना गलत पाई जाती है तो अभ्यर्थी अपने इस सूचना को Back बटन पर Click कर अपने Information को सुधार कर Submit & Next बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा पुन: दी गयी सूचनाएँ Update हो सकें।

भरे गये आवेदन पत्र के Preview में सारी सूचनाएँ सही है तो अपना Declaration देकर "Final Submit" बटन पर Click करें, ताकि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क जमा कर सकें।

**(vii) Step-Seven (Payment of Examination Fee):**

अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी सारी प्रविष्टियों के Preview को देखकर "Final Submit" करने के बाद "Proceed to Payment" बटन पर Click कर कम्प्यूटर स्क्रीन पर परीक्षा शुल्क भरने के निर्देश के अनुसार Payment की प्रक्रिया को पूरी करें। जमा किये गये परीक्षा शुल्क को लौटाया नहीं जायेगा। परीक्षा शुल्क जमा करने की निम्नांकित दो प्रक्रियाएँ है;

**(क) बैंक चालान के माध्यम से भुगतान :** अगर अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क बैंक चालान के माध्यम से जमा करना चाहते हैं तो वे कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे Payment Mode से Offline / NEFT Challan Option को Select कर अपना Challan Download कर Print निकाल लें एवं Challan पर अंकित परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी भी बैंक में जाकर Cash / NEFT के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। अगर अभ्यर्थी किसी कारणवश Challan पर अंकित परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं कर पाते हैं तो अभ्यर्थी पुन: अपने Account में Login कर उपरोक्त प्रक्रियानुसार दोबारा Challan Download कर Print निकाल लें एवं Challan पर अंकित परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी भी बैंक में जाकर Cash / NEFT के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। अगर अभ्यर्थी ऐसा नहीं करते हैं तो चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को असफल मान लिया जायेगा।

चालान के माध्यम से किये जाने वाले परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को Update होने में लगभग 1(घंटे) का समय लग सकता है। अगर उनका Payment Update नहीं होता है तो वे कम से कम 24 घंटे का इंतजार करें। अगर तब भी Payment Update नहीं होता हैं तो वांछित अभिलेखों जैसे चालान की कॉपी को Scan कर निर्धारित तिथि एवं समय से पहले helpdesk के **email_ID : helpdesk.bsfcsclexam@gmail.com** पर mail कर दें। निर्धारित तिथि के बाद Payment update नहीं होने जैसी समस्याओं हेतु प्राप्त email पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने पर उसमें लगने वाली अतिरिक्त राशि (Processing Charge) का भुगतान अभ्यर्थी को ही करना पड़ेगा।

**(ख) Online Payment :** अगर अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान Online यथा; क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड अथवा नेट बैकिंग / UPI के माध्यम से करना चाहते हैं तो वे कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे Payment Mode से online option को Select कर क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड अथवा नेट बैकिंग / UPI के माध्यम से करें। परीक्षा शुल्क जमा करने पर उसमें लगने वाली अतिरिक्त राशि (Processing Charge) का भुगतान अभ्यर्थी को ही करना पड़ेगा।

**(ग) उपरोक्त विधियों से परीक्षा शुल्क का भुगतान से सम्बन्धित आवश्यक विवरणी निम्नवत् है;**

सामान्य/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के पुरूष / महिला अभ्यर्थियों को 1200/-(बारह सौ) रूपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा। जबकि अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति कोटि के पुरूष / महिला अभ्यर्थी एवं दिव्यांग कोटि (Disable Quota) के पुरूष / महिला अभ्यर्थियों के लिए 600/- (छ: सौ) रूपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा।

**(viii) Step-Eight (Dowload / Print Application Form/ Transaction Receipt):** पर्षद द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये आवेदन पत्र को Download कर Print निकाल कर अपने पास सुरक्षित रख लें, क्योंकि उसमें आपके द्वारा भरी गई सारी प्रविष्टियाँ होंगी, जिसका उपयोग भविष्य में आपके द्वारा किया जा सकता है एवं किसी प्रकार की जाँच के क्रम में प्रस्तुत करने हेतु बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि. बिहार, पटना / बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, बिहार, पटना द्वारा कहा जा सकता है।

**नोट :**

(a) सफलतापूर्वक आवेदन पत्र भरने के बाद अभ्यर्थी के Email_id पर एक Confirmation mail भेजा जाएगा, जिसमें अभ्यर्थी द्वारा भरी गई सूचनाएँ अंकित होगी।

(b) Download किये गये आवेदन पत्र की Hard-copy को पर्षद कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। Documents Verification के समय इसकी आवश्यकता होगी।

(c) अभ्यर्थी कृपया नोट कर लें कि Application Form के Submission के बाद इसे न तो withdraw किया जा सकेगा और न ही जमा किये गये परीक्षा शुल्क को लौटाने का अनुरोध ही स्वीकार किया जायेगा।

(d) इन्टरनेट या बैकिंग व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा। अत: अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लें।

7. Online आवेदन भरने के क्रम में अगर किसी अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार की गलत प्रविष्टि हो गई है, तो वे अपना Registration No. एवं Password डालकर "Submit" बटन पर Click कर अपने Account में Login करने के उपरांत Edit Details Link पर Click कर गलत प्रविष्टि को दिनांक 06.01.2023 से 08.01.2023 तक सुधार कर सकते हैं।

गलती सुधार करने के क्रम में अभ्यर्थी यह ध्यान रखें कि data को Edit करने के उपरांत सभी Steps पर "Save & Next" button click करते हुए "Preview your Application Form" step तक पहुँचे एवं अपने द्वारा Edit किये गये Data को check कर लें एवं अपना declaration हेतु Check Box को Tick कर "Final Submit" button पर click करें। यदि अभ्यर्थी किसी प्रकार की गलती सुधार करने के उपरांत उपरोक्त प्रक्रिया को पूरा नहीं करते हैं तो वैसी स्थिति में उनके द्वारा Edit किये गये data को Edited Data नहीं माना जाएगा एवं उनके द्वारा पूर्व में दी गयी सारी सूचनाओं को अंतिम रूप से पूर्ण एवं सही माना जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे। Data के final submission के बाद data को दूबारा edit करने का मौका नहीं दिया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा गलत प्रविष्टि की गई है एवं दिनांक 06.01.2023 से 08.01.2023 तक गलती सुधार नहीं करते हैं तो Online आवेदन में की गई गलत प्रविष्टियों हेतु अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार

होंगे। Data सुधार करने के क्रम में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क की अंतर राशि जमा करने की स्थिति बनती है तो data के final submission के बाद सम्बन्धित अभ्यर्थी "Difference Amount E-receipt Print" Link पर click कर difference amount E-receipt Download / Print कर ले जिसमें अंतर राशि जमा करने की विधि का विस्तृत उल्लेख रहेगा। अभ्यर्थी उल्लेखित विधि अनुसार दिनांक 02.01.2023 तक की अवधि में परीक्षा शुल्क की अंतर राशि किसी भी बैंक से NEFT के माध्यम से भुगतान करेंगे एवं भुगतान उपरांत पर्षद के Helpdesk **Email_id : helpdesk.bsfcsclexam@gmail.com**" पर भुगतान से सम्बन्धित जानकारी एवं NEFT Transaction Slip attach कर अपने Registration No. एवं नाम के साथ भेजेंगे। यदि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क की अंतर राशि जमा नहीं करते हैं या राशि जमा करने से संबंधित जानकारी Helpdesk के उक्त email पर नहीं भेजते हैं या गलत जानकारी भेजते हैं, जिसकी पुष्टि नहीं हो पाती है तो वैसी स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी का पूर्व में दी गयी सारी सूचनाओं को ही अंतिम रूप से पूर्ण एवं सही माना जाएगा।

**8.** अपूर्ण रूप से भरा गया या बदलाव अथवा छेड़-छाड़ किया गया Online आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

**9.** परीक्षा में सफल / उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों की जाँच ऑनलाईन आवेदन में भरी गई सूचनाओं से मिलान करने के क्रम में गलत पाये जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। साथ ही उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**10. ऑनलाईन आवेदन भरने से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Registration/ऑनलाईन आवेदन भरने/परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रारम्भ तिथि | : | 13.12.2022 |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु Registration की अंतिम तिथि | : | 02.01.2023 (10.00 P.M.) |
| 3. | Registered अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु चालान Download करने की अंतिम तिथि | : | 31.12.2022 |
| 4. | Registered अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन भरने एवं चालान / डेबिट / क्रेडिट कार्ड/ UPI अथवा नेट बैकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | : | 02.01.2023 (11.59 P.M.) |
| 5. | ऑनलाईन आवेदन पत्र सुधार (Edit) करने की तिथि | : | 06.01.2023 to 08.01.2023 |
| 6. | प्रवेश पत्र निर्गत करने की तिथि | : | **यथासमय सूचित किया जायेगा।** |
| 7. | प्रस्तावित ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा की तिथि | : | **यथासमय सूचित किया जायेगा।** |

**नोडल पदाधिकारी**
**बी.एस.एफ.सी.एस.सी.एल.**